हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 5 सितंबर 2025

04 नपा ने विसर्जन घाटों पर शुरू की सफाई...



08 धरती आबा जनजाति उत्कर्ष अभियान के...





## खबर संक्षेप

### रोजगार कैंप का आयोजन 11 को होगा

**नर्मदापुरम।** जिला रोजगार कार्यालय नर्मदापुरम द्वारा जिले में 11 सितंबर 2025 को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, नर्मदापुरम में युवा संगम रोजगार एवं स्वरोजगार मेला का आयोजन किया किया जाएगा। उक्त संबंध में मेले के सुचारू संचालन के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

### जिले में अब तक 1220.9 मिमी वर्षा दर्ज

**नर्मदापुरम।** तक 1220.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्जमें 03 सितंबर से आज 4 सितंबर को प्रातः 8 बजे तक जिले में 1220.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 1078.8मिलीमीटर औसत वर्षा हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि 03 सितंबर से 04 सितंबर 2025 को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 39.3मिलीमीटर, सिवनीमालवा में 27.0मिलीमीटर, इटारसी में 24.0मिलीमीटर, माखननगर में 28.0 मिलीमीटर, सोहागपुर में 18.0 मिलीमीटर, पिपरिया में 34.0 मिलीमीटर, बनखेड़ी में 70.6मिलीमीटर, पचमढ़ी में 30.4 एवं तहसील डोलरिया 15.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है।

### पिछले तीन से चार माह में बढ़ी वन्य प्राणियों की गतिविधियां

# वन्य प्राणियों की आमद से आमजन में भय, जंगल छोड़ क्यों आ रहे जानवर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सतपुड़ा क्षेत्र से घिरे नर्मदांचल में वन्य जीवों की सुरक्षा को लेकर सवाल लगने शुरू हो गए हैं। कहीं बाघों का मानव पर हमला हो या फिर रिहायशी इलाकें में टाईगर की मौजूदगी का मामला हमेशा ही चिंतनीय रहा है। वहीं एसटीआर में 15 दिन के अंतराल में दो बाघो की मौत और आए दिन तेंदूए की आमद से आम जनजीवन भयभीत है। करीब तीन माह के भीतर वन्य जीवों की जंगल से लगे हुए गांवों में बढ़ती मौजूदगी से पशु एवं जन जीवन को खतरा लगातार बढ़ रहा है। एसटीआर एवं वन अमला इस चीज को रोकने में असमर्थ है। वहीं सोचनीय बात यह है कि वन्य प्राणियों का शहरी क्षेत्र में इतनी अधिक संख्या में लगातार आना किस बात का सूचक है। यह विचारणीय है।

इन दिनों सतपुड़ा टाईगर हो वन विभाग का क्षेत्र सभी जगह से वन्य प्राणी रहवासी क्षेत्र की ओर रूख कर रहे हैं जो चिंता बनी हुई है।

#### स्कूलों की छुट्टी

पथरौटा में एक शावक की करंट से मौत के बाद रहवासी और स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे डर रहे हैं। स्कूल प्रबंधन ने 4 से 13 सितंबर तक छुट्टी घोषित कर दी है।



#### लग रहे हैं कयास

वन विभाग सहित प्राणी विशेषज्ञों ने कयास लगाया है कि इस वर्ष जंगलों में लगातार वर्षा होने से तवा के कैचमेंट एरिया में पानी बढ़ने से वन्य प्राणी सुरक्षित ऊंचे स्थानों की तलाश में जंगलों से लगे हुए आवासीय क्षेत्रों में शिकार का पीछा करते हुए आ जाते हैं। वहीं गर्मीयों में भी इसी तरह की गतिविधियां देखी गई थीं। अब बारिश में भी यही हाल हो रहा है। आवासीय एरिया में बाघ एवं टाईगरों के आने से शिकारियों को उनका शिकार करने का आसान मौका मिल रहा है। इस वजह से इन घटनों में बढ़ोत्तरी हो सकती है।

#### पानी की तलाश में घूम रहे हैं वन्य प्राणी

- माखन नगर तहसील क्षेत्र के ग्राम सूरजकुंड गुडला के आसपास बाघ की मौजूदगी से लोग भयभीत, सामान्य वन मंडल एवं सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के संयुक्त दल द्वारा हाथी डॉग स्क्वाड ने खोज की थी
- चौकीदारों पर बाघ शावक ने किया था हमला
- बाघ के साथ 'टेरिटोरियल फाइट' में बुजुर्ग बाघ की मृत्यु की रिजर्व प्रबंधन ने जताई संभावना
- सिंगानामामें बच्चों को तेंदुए के द्वारा उठाकर ले जाने की हुई थी घटना।
- बाघ की वन कर्मियों पर हमले की दूसरी घटना हुई।
- वनपरिक्षेत्र बागड़ा में एक नर तेंदुए की मृत्यु की सूचना प्राप्त हुई।
- हाल ही में हुई बाघ रावण की शिकारियों द्वारा शिकार किया गया। पंजा अभी तक नही मिला
- जिले में अलग-अलग स्थानों पर 3 तेंदुए रहवासी क्षेत्र में पहुंच रहे हैं। पथरौटा स्थित पावर ग्रिड परिसर में मादा तेंदुआ और उसके शावक 8 दिनों से घूम रहे हैं। एक शावक की करंट से मौत के बाद रहवासी और स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे डर रहे हैं।

## विसर्जन स्थल पर बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाए: कलेक्टर

### कलेक्टर व एसपी ने किया विसर्जन स्थल का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

गणेश विसर्जन पूर्व सभी विसर्जन स्थलों को तैयार किया जाए। सभी विसर्जन स्थ्लों एवं कृत्रिम कुंड पर होमगार्ड बल एवं प्रशिक्षित गोताखोर किये जाऐं तैनात। नगर पालिका अमला एवं संबंधित जनपद पंचायत विसर्जन स्थल तक करें सुचारू एवं अवरोध रहित मार्ग सुनिश्चित करनें के लिए करें सभी आवश्यक उपाय। उक्त निर्देश कलेक्टर सोनिया मीना ने नर्मदापुरम, माखननगर एवं सोहागपुर के विसर्जन स्थल को निरीक्षण कर उपस्थित अधिकारियों को दिये। इस दौरान नर्मदापुरम जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ गुरकरन सिंह भी उपस्थित रहे। कलेक्टर सोनिया मीना एवं एसपी डॉक्टर गुरकरन सिंह ने विसर्जन पूर्व नगर में विभिन्न स्थानों पर बनाए जा रहे कृत्रिम विसर्जन कुंड का निरीक्षण कर तैयारियो का अवलोकन किया।

इस दौरान कलेक्टर ने हर्बल पार्क विसर्जन कुंड के संबंध में निर्देश दिए कि विसर्जन तिथि से पूर्व समस्त कृत्रिम विसर्जन कुंड तैयार कर लिए जाएं। कलेक्टर ने निर्देश दिए की बारिश की स्थिति को देखते हुए पहुंच मार्ग पर रेती, बजरी आदि डलवा कर विसर्जन कुंड पहुंच मार्ग सुचारु रखा जाए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिए की प्रतिमा विसर्जन के लिए व्यवस्थित और चौकस व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

कलेक्टर ने निर्देश दिए की कृत्रिम कुंड पर होमगार्ड बल एवं गोताखोर भी उपलब्ध रहे। उन्होंने सिटी मजिस्ट्रेट बृजेंद्र रावत को निर्देशित किया कि गोताखोरों की ड्यूटी शिफ्ट वार लगाई जाए।

## जेंडर संवेदीकरण विषय पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार संकल्प हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ़ वूमेन अंतर्गत जिला नर्मदापुरम में गुरूवार को जेंडर संवेदीकरण विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन आंगनबाड़ी केंद्र में किया गया। जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत उपस्थित प्रतिभागियों को मिशन शक्ति के तहत केंद्र स्तर से संचालित महिलाओं एवं बालिकाओं से संबंधित विभिन्न योजनाओं यथा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, शक्ति सदन सखी निवास,वन स्टॉप सेंटर एवं महिला हेल्पलाइन नंबर 181 के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही राज्य शासन द्वारा संचालित की जा रही मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना एवं मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के संबंध में भी विस्तार से समझाया गया कार्यक्रम का आयोजन रश्मि वर्मा सहायक निर्देशिका आंगनवाड़ी प्रशिक्षण केंद्र पवारखेड़ा एवं मंजू राजपूत पर्यवेक्षक नर्मदापुरम शहरी के द्वारा किया गया।

## सांसद ने सांगाखेड़ा कलां में किया 9 करोड़ के विकास कार्यों का भूमि पूजन, विधायक रहे मौजूद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने गुरुवार को सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सांगा खेड़ा कला में आयोजित कार्यक्रम में लगभग 9 करोड रुपए की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन किया। भूमि पूजन कार्यक्रम के अवसर पर राज्यसभा सांसद माया नारोलिया एवं सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह भी उपस्थित थे।

आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद श्री दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सब का साथ सबका विकास और सब का विश्वास सबका प्रयास की संकल्पना को धरातल पर उतारते हुए यह भूमि पूजन का कार्य संपन्न कराया गया है। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य पूरा होने से क्षेत्र की जनता को समृद्धि और प्रगति की नई राह मिलेगी। उन्होंने कहां की सभी जनप्रतिनिधि मिलकर सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र को विकास के पथ पर अग्रसर करेंगे।



## नपाध्यक्ष नीतू यादव ने हर्बल पार्क में बन रहे कृत्रिम कुंड का जायजा लिया, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नगरपालिका द्वारा मां नर्मदा के जल को प्रदूषण से बचाने हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी प्रतिमा विसर्जन करने क लिए हर्बल पार्क में बनाए जा रहे कृत्रिम कुंड निर्माण का गुरूवार को नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा जायजा लिया गया तथा तेजगति से तथा समय सीमा में कार्य करने के निर्देश दिए गए। साथ ही लाइट लगाने तथा गिट्टी बिछाकर मार्ग बनाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर नपाध्यक्ष श्रीमती यादव के साथ मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले, उपयंत्री अंबक पाराशर, दीक्षा तिवारी, रीना गुप्ता, निर्माण एजेंसी के लोग, नपा के कर्मचारी दुलारे यादव, आसिफ खान आदि उपस्थित रहे। नगरपालिका द्वारा श्रद्धालुओं की सुरक्षा और विसर्जन संबंधी व्यवस्था को लेकर नगर में पांच स्थानों पर प्रतिमा कलेक्शन सेंटर बनाए जा रहे हैं। जहां पर आकर श्रद्धालु प्रतिमा दे सकेंगे। उनको विसर्जित किया जाएगा।

## नगरपालिका में नपाध्यक्ष नीतू यादव ने की जनसुनवाई, किया समस्याओं का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



प्रति गुरूवार को होने वाली जनसुनवाई में आज नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा जनसुनवाई की गई। इस दौरान करीब 10-12 आवेदन आए जिनका त्वरित समाधान किया गया। जिसमें नाली सफाई, सड़क से अतिक्रमण हटाने, कोठी बाजार सब्जी बाजार में लाइट लगवाने तथा पेयजल की व्यवस्था करने के संबंधित शाखा प्रभारियों को निर्देश दिए। जनसुनवाई में वार्ड नंबर 19 के पार्षद एवं नेता प्रतिपक्ष अनोखी राजोरिया, वार्ड 09 के पार्षद प्रतिनिधि लक्ष्मण बैस, पार्षद प्रतिनिधि पूनम मेषकर, वार्ड 26 के पार्षद राहुल गौर, नपा के उपयंत्री,अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर प्रति गुरूवार को जनसुनवाई शुरू की गई है। नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के लिए नगरपालिका द्वारा यह व्यवस्था की गई है। जिसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आने लगे हैं। श्री सोनी ने बताया कि आज नपाध्यक्ष श्रीमती यादव द्वारा जनसुनवाई की गई। जिसमें वार्ड 23 के सुंदरलाल पिता शिवलाल द्वारा गरीबी रेखा के राशन कार्ड में नाम सुधरवाने, वार्ड 13 के नागरिकों ने रोड चौड़ीकरण की मांग की गई। सभी आवेदन पर नपाध्यक्ष द्वारा त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

## सड़क सुरक्षा अभियान जारी अधिकारियों ने बांटे हेलमेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

संभागीय आयुक्त तथा कलेक्टर के निर्देशों के पालन में सड़क सुरक्षा कार्यक्रम तथा नवाचार के हेतु इटारसी स्थित पेट्रोल पम्प सेठ मोहन लाल हीरा लाल पर एसडीएम टी प्रतीक राव, जिला परिवहन अधिकारी रिंकू, डीएसपी ट्रैफिक संतोष मिश्रा द्वारा एस एम एच बजाज इटारसी शोरूम के संचालक श्रीनिवास अग्रवाल के सहयोग से 50 से अधिक निशुल्क हेलमेट वितरण, दो पहिया वाहन चालकों को सुरक्षित परिवहन तथा हमेशा हेलमेट के साथ दो पहिया वाहन से परिवहन के निर्देश दिए। निःशुल्क हेलमेट वितरण से आम जन में काफी उत्साह देखा गया तथा सभी ने हेलमेट का निरंतर उपयोग करने विश्वास दिलाया।



## द चैम्प्स फन स्कूल में हुआ शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन, बच्चों ने किया शिक्षक सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



द चैम्प्स फन स्कूल में शिक्षक दिवस बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ रामायण हॉल में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पण से हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. आरती मीना उपस्थित रहीं। साथ ही स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. आशीष चटर्जी, डायरेक्टर जूही चटर्जी, उप प्राचार्य एस के मिश्रा, कोऑर्डिनेटर रीना मालवीय तथा एडमिन ऑफिसर विनीता जसलानी इस अवसर पर मौजूद रहीं। समारोह की शुरुआत स्वागत गीत से हुई जिसके बाद विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियाँ दीं। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. आशीष चटर्जी ने बच्चों को संबोधित करते हुए अनुशासित और परिश्रमी छात्र बनने की प्रेरणा दी तथा डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन और योगदान पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उनके जन्मदिवस को शिक्षक दिवस क्यों मनाया जाता है। उन्होंने सभी शिक्षकों को शुभकामनाएँ भी दीं। उप प्राचार्य एस .के. मिश्रा ने भी जीवन में शिक्षकों के महत्व को समझाया और विद्यार्थियों को प्रेरित किया। मुख्य अतिथि डॉ. आरती मीना ने अपने संबोधन में डॉ. राधाकृष्णन के जीवन से प्रेरणादायक प्रसंग साझा किए। आयोजन की प्रभारी स्नेहा माखीजा एवं स्वाति कहार रहीं तथा मंच संचालन प्रियंका खत्री, सुहानी सुनानिया, रिचा सोनी एवं योगिता अरोड़ा ने किया।

## मप्र मुस्लिम विकास परिषद ने ईद पर शराब बंदी को लेकर सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मुस्लिम विकास परिषद की नर्मदापुरम इकाई ने नगर अध्यक्ष असलम भारतीय के नेतृत्व में शराब बंदी को लेकर संयुक्त कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

मध्यप्रदेश मुस्लिम विकास परिषद नर्मदापुरम के नगर अध्यक्ष असलम भारतीय ने बताया की हमने ज़िला अध्यक्ष अथर ख़ान के मार्गदर्शन में आगामी 5 सितंबर को ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर प्रतिवर्ष प्रदेश सहित ज़िले में शराब दुकानें बंद कराने का मुख्यमंत्री से आग्रह किया है। इस त्योहार को इस्लाम धर्म को मानने वाले मुस्लिम समुदाय के लोग पूरे विश्व सहित देश में बड़े उत्साह के साथ मनाते हैं।

मध्य प्रदेश में भी इस त्योहार को बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा और इसे राज्य में सार्वजनिक अवकाश के रूप में घोषित किया गया है। मध्य प्रदेश मुस्लिम विकास परिषद मांग करती है की इस त्योहार के दौरान शराब दुकानें बंद रखी जाएं,ताकि त्योहार को शांति और सौहार्द के साथ मनाया जा सके।

### 7 सितंबर से पितृपक्ष होंगे प्रारंभ

## पूर्णिमा को लगेगा खग्रास चंद्र ग्रहण, अन्नदान वस्त्र दान और स्वर्ण दान करना शुभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



इस वर्ष भाद्रपद शुक्ल पक्ष पूर्णिमा 7 सितंबर रविवार को पूरे देश में चंद्र ग्रहण दिखाई देगा। यह भौगोलिक घटना वर्षा बाद दिखाई देगी। वहीं धार्मिक दृष्टि से पितृपक्ष प्रारंभेने के पूर्व चंद्रग्रहण एक विशेष संयोग बनाता है।

रविवार को लगने वाला ग्रहण पूर्ण चंद्र ग्रहण होगा। आचार्य शुभम दुबे ने कहा पूर्ण चंद्र ग्रहण को ही ब्लड मून कहा जाता है। इस ग्रहण के दौरान चंद्रमा पूरी तरह धरती की छाया में आ जाता है । जब चंद्रमा पूरी तरह से धरती की छाया में होता है तो उसका रंग हल्का लाल हो जाता है । जिस वजह से इसे ब्लड मून भी कहते हैं आचार्य दुबे ने बताया कि यह ग्रहण पूरे देश में दिखाई देगा । भारत सहित एशिया , ऑस्ट्रेलिया , अफ्रीका , यूरोप, अंटार्कटिका , पैरासाइट इत्यादि कई देशों में भी दिखाई देगा। आचार्य शुभम दुबे ने बताया कि इस वर्ष विश्व में चार ग्रहण लग रहे हैं। जिसमें दो सूर्य और दो चंद्र ग्रहण है। किंतु भारत में दो चंद्रग्रहण की दृश्य होंगे भाद्रपद शुक्ल पक्ष पूर्णिमा रविवार शतभिषा नक्षत्र और कुंभ राशि में लगेगा यह चंद्र ग्रहण भारतीय समय अनुसार ग्रहण का स्पर्श रात्रि 9:57 से होगा मध्य 11:41 में होगा और ग्रहण का मोक्ष रात्रि 1:27 पर होगा। संपूर्ण पर्व कल 3 घंटा 30 मिनट का रहेगा। चंद्र ग्रहण शुरू होने से 9 घंटे पहले सूतक लग जाएगा। सूतक के दौरान मंदिर के कपाट भी बंद रहेंगे । यह ग्रहण शतभिषा नक्षत्र व कुंभ राशि वालों को विशेष अनिष्ट कारक होगा एवं वृश्चिक मीन व कर्क राशि वालों को अशुभ रहेगा तथा सिंह तुला मकर व मिथुन राशि वालों को मध्य फल देगा लेकिन मेष वृषभ कन्या व धनु राशि वालों को शुभ फल कारक होगा। ग्रहण के दौरान जप इत्यादि करना शुभ माना गयाहै और ग्रहण मोक्ष होने के उपरांत स्नान आदि करने के बाद दान अन्नदान वस्त्रदान स्वर्ण दान इत्यादि करना अत्यंत शुभ माना गया है ।

### मेरा रेशम मेरा अभिमान' अभियान अंतर्गत कार्यक्रम सम्पन्न

**नर्मदापुरम।** केन्द्रीय रेशम बोर्ड द्वारा संचालित अभियान 'मेरा रेशम मेरा अभिमान' कार्यक्रम अंतर्गत गत दिवस शासकीय रेशम केन्द्र, मच्छेराकलों, तहसील बनखेड़ी, जिला नर्मदापुरम में रेशमकीट पालन की उन्नत तकनीक विषय पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें रेशम खेती से जुड़े पुराने एवं नए कृषकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैज्ञानिक-बी, पी.वी. दिनेश कुमार द्वारा किया गया। उन्होंने उपस्थित कृषकों का स्वागत करते हुए 'मेरा रेशम मेरा अभिमान' अभियान के उद्देश्य एवं महत्व की जानकारी दी तथा रेशमकीट पालन की उन्नत तकनीकों के बारे में विस्तार से मार्गदर्शन दिया। प्रक्षेत्र अधिकारी, राज्य रेशम विभाग, बनखेड़ी क्षेत्र श्याम कुमार यादव ने कृषकों को विभाग की आगामी कार्ययोजना एवं उपलब्ध कराई जाने वाली सहायता राशि से अवगत कराया।

## भाकिसं ने समस्याओं को लेकर तहसीलदार का ज्ञापन सौंपा




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

भाकिसं तहसील डोलरिया में आज भगवान बलराम जन्मोत्सव एवं तहसील बैठक कर ज्ञापन दिवस के तहत अनु विभागीय की अधिकारी के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। भारती के साथ संघ के पूर्व ज्ञापनों पर शासन प्रशासन ने क्या कार्रवाई की उसकी जानकारी लेते हुए वर्तमान के ज्ञापन में तहसील में व्याप्त खाद बिजली बीमा की समस्याओं को लेकर एवं तहसील में बंद पड़ी 30 सालों से मंडी पुणे चालू कर उसमें डेमो गोदाम बनाने की मांग की गई। वहीं राजस्व रिकॉर्ड में ग्राम दतवासा के 34 किसानों के गोभी शासकीय दर्शा दी गई उसको किसानों के नाम पर की जावे एवं रतवारा सेल मार्ग पर स्वीकृत हुई सड़क अन्य जगहों पर आई गई भारतीय किसान संघ मैं मां की है की जांच कर उचित कार्रवाई करते हुए परतवाड़ा से सेल रोड बनाया जावे। बैठक में मुख्य रूप से जिला प्रचार प्रमुख ललित सिंह चौहान जिला योद्धारी संयोजक राजकुमार सिंह भैंस संजय लवंशी तहसील अध्यक्ष बदामी लाल आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### चिचोली में जिला स्तरीय रोजगार मेला 12 को

**बैतूल**। जिला रोजगार कार्यालय, आईटीआई, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र बैतूल के संयुक्त तत्वावधान में युवा संगम के तहत जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला 12 सितम्बर को प्रातः 11 से 4 बजे तक शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था चिचोली के समीप नगर पालिका ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेले में 12 प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों पर अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। उन्होंने सभी युवाओं से रोजगार मेले का लाभ लेने की अपील की है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि नगर पालिका चिचोली के ऑडिटोरियम में आयोजित रोजगार मेले में वर्धमान फैब्रिक्स प्राइवेट लिमिटेड बुदनी में मशीन ऑपरेटर के 150 पदों के लिए, कुलोदय टेक्नोपैक प्राइवेट लिमिटेड दमन गुजरात में 100 पदों तथा यशस्वी ग्रुप भोपाल में अप्रेंटिस के 50 पदों के लिए योग्यता 8वीं, 10वीं, 12वीं, आईटीआई उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। जेके बायो एग्रीटेक प्राइवेट लिमिटेड भोपाल में सेल्स एग्जीक्यूटिव के 20 पद, पुखराज हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड भोपाल में मैनेजर के 100 पदों तथा अकाजा फैशन हब बैतूल में सेल्स एग्जीक्यूटिव के 20 पदों के लिए योग्यता 10वीं, 12वीं, स्नातक उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। इसी प्रकार सीआईआई कौशल प्रशिक्षण केंद्र छिंदवाड़ा में मोटर मैकेनिकल के 25 पद तथा डीएंडके करियर सेंटर छिंदवाड़ा में मशीन ऑपरेटर के 50 पदों के लिए योग्यता 10वीं, 12वीं, आईटीआई होना आवश्यक है। शक्ति मोटर्स मुलतापी प्राइवेट लिमिटेड मुलताई में सेल्स एग्जीक्यूटिव, सेल्स मैनेजर, मैकेनिक हेल्पर के 25 पदों के लिए योग्यता 8वीं से स्नातकोत्तर, आईटीआई डिप्लोमा होना अनिवार्य है। मेधावी एस्पायर प्राइवेट लिमिटेड पुणे में उत्पादन एवं गुणवत्ता के 100 पदों के लिए योग्यता 10वीं, 12वीं, स्नातक आईटीआई होना जरूरी है। इसी प्रकार टीवीएस ट्रेंनिंग एंड सर्विसेज लिमिटेड साउथ में मशीन ऑपरेटर के 50 पदों के लिए योग्यता आईटीआई, डिप्लोमा, बीई तथा जेड प्लस अकादमी नर्मदापुरम व हरदा में मार्केटिंग और काउंसलिंग के 4 पदों के लिए योग्यता ग्रेजुएट होना आवश्यक है।

### कन्वजेंस बैठक का आयोजन



**बैतूल**। एनीमिया मुक्त भारत तथा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत एएनएम प्रशिक्षण केन्द्र टिकारी बैतूल में शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं शिक्षा विभाग की कन्वर्जेंस बैठक का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज कुमार हुरमाड़े ने बताया कि को राज्य के चिन्हित 51 जिले जिसमें बैतूल भी शामिल है के सभी स्कूलों एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों में 23 सितम्बर को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान आयोजित होगा। इस दौरान छूटे हुए बच्चों के लिए मॉप-अप दिवस 26 सितम्बर शुक्रवार को कृमिनाशक किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत शासकीय, निजी, केन्द्र शासित, आदिवासी आश्रम शालाओं, स्नातक महाविद्यालयों, तकनीकी शिक्षा केन्द्रों, मदरसों, आंगनबाड़ी केन्द्रों तथा किशोर न्याय अधिनियम 2015 अंतर्गत संचालक चाइल्ड केयर इंस्टीट्यूट में 1 से 19 वर्षीय समस्त बच्चों एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों में 20 से 49 वर्ष की प्रजनन आयु वर्ग की महिलाएं जो कि गर्भवती, धात्री नहीं हैं कृमिनाशक किया जाएगा। डॉ हुरमाड़े ने बताया कि कृमि संक्रमण से बच्चों का शारीरिक एवं बौद्धिक विकास बाधित होता है एवं कृमि संक्रमित हितग्राही के पोषण एवं अवशोषण स्तर पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के क्रियान्वयन के लिए स्वास्थ्य विभाग नोडल विभाग है, जिसके द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग, पंचायती राज, ग्रामीण विकास विभाग आदि के समन्वयन से कार्यक्रम का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाना है।

### बैतूल में तीन स्थानों पर होगा गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन

# नपा ने विजर्सन घाटों पर शुरू की सफाई, प्वाइंटों पर तैनात रहेगा बल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिले में गणेश प्रतिमा विसर्जन 6 सितंबर से शुरू होगा, 7 सितंबर की शाम तक चलेगा। जिसके लिए नगरपालिका ने तैयारियां शुरू कर दी है। इस बार शहर में केवल तीन स्थानों पर ही गणेश प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। माचना नदी स्थित दामा दैयत घाट, करबला घाट और माचना एनीकट पर ही प्रतिमाओं के विसर्जन का स्थान निश्चित किया गया है। वहीं हमलापुर की माचना नदी पर गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन पर प्रतिबंध लगा दिया है। यहां पर नपा द्वारा विसर्जन के लिए कोई व्यवस्था नहीं की जाएगी। दरअसल विगत दिनों हुई शांति समिति की बैठक में तीन स्थानों का चयन किया है। यहां पर विसर्जन के लिए नपा द्वारा साफ-सफाई की व्यवस्था की जा रही है। इसके अलावा प्रकाश व्यवस्था सहित प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए कुंड बने है। जहां श्रद्धालु गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन कर सकेगे। नपा सीएमओ सतीश मटसेनिया ने बताया कि विसर्जन स्थलों पर नपा द्वारा व्यवस्था की जा रही है। यहां पर साफ-सफाई शुरू कर दी है, जो विसर्जन के एक दिन पहले तक की जाएगी। बड़ी प्रतिमाओं के लिए क्रेन भी रखी जा सकती है। माचना नदी के करबला घाट और दामा दैयत घाट पर नपा ने छोटी प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए अस्थायी कुंड बनाए है। यहां पर विसर्जन के लिए सफाई कर दी है। इन कुंडों में पानी भरकर छोटी प्रतिमाओं को विसर्जित किया जाएगा।

#### शहर में विराजमान 300 से अधिक प्रतिमाएं

शहर में जगह-जगह गणेश प्रतिमाएं स्थापित की गई है। एक अनुमान के मुताबिक 300 से अधिक स्थानों और घरों में गणेश प्रतिमाएं विराजमान है। जिसका विसर्जन 6 एवं 7 सितंबर को किया जायेगा। विसर्जन का सिलसिला 6 सिंतबर से शुरू होगा। जिसके लिए नगरपालिका, यातायात और पुलिस ने तैयारियां शुरू कर दी है। नपा ने जहां विसर्जन स्थलों पर व्यवस्थाएं बनाने का कार्य शुरू कर दिया है, वहीं यातायात पुलिस भी प्रतिवर्षानुसार पाइंट लगायेगी। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था की तैयारी की जा रही है। सभी घाटों पर पार्किंग और आने-जाने के लिए रास्ते रखे जाने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं इस बार हमलापुर माचना नदी पर प्रतिमाओं के विसर्जन को प्रतिबंधित किया है।

#### पाइंटों पर तैनात रहेगा बल

गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान शहर में कई बड़े चल समारोह निकलते है। जिसके लिए पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये है। हालांकि चल समारोह का रूट अभी तय नहीं हुआ है। लेकिन पिछले वर्षों की तरह प्रतिमाओं के विसर्जन स्थल जाने वाले मार्गो पर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात रहेगा। इसके अलावा यातायात बाधित न हो, इसका भी पूरा प्लान यातायात विभाग ने तैयार कर रहा है। बताया जा रहा है कि गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए गणेश मंडलों के साथ-साथ प्रशासन की भी तैयारी चल रही है। जरूरत पडऩे पर प्रतिमा स्थल जाने वाले रास्तों पर यातायात को डायवर्ट किया जाएगा। नदियों पर विसर्जन की व्यवस्था के साथ सुरक्षा के लिए तैराक और होमगार्ड की टीम भी तैनात रहेगी। इसके लिए पुलिस-प्रशासन के अफसर निरीक्षण कर चुके हैं।

#### आज अधिकांश जगहों पर होगा हवन-पूजन और भंडारा

शहर में आज अधिकांश जगहों पर गणेश पंडालों में हवन-पूजन और भंडारे का आयोजन किया गया। इसके अलावा घरों में भी हवन-पूजन होगे। बता दे कि 27 अगस्त से शुरू हुए गणेशोत्सव का समापन 6 सितंबर को अनंत चतुर्थी पर होगा। उससे पहले सार्वजनिक गणेश पंडालों में हवन-पूजन और भंडारे का आयोजन होता है। जिसके लिए गणेश पंडालों के सदस्यों ने तैयारी शुरू कर दी है। गणेश पंडाल के सदस्य मुकेश, नंदकिशोर, संतोष, अनिल ने बताया कि आज शुक्रवार को पंडाल में हवन-पूजन के पश्चात भंडारा प्रसादी का वितरण किया जायेगा। इसके बाद 6 सितंबर को गणेश प्रतिमा का विसर्जन किया जायेगा। समिति ने इसके लिए तैयारी शुरू कर दी है।

#### ▶▶ व्यवस्थाएं की जा रही हैं

गणेश प्रतिमाओं के विजर्सन के लिए माचना नदी स्थित दामा दैयत घाट, करबला घाट और माचना एनीकट पर व्यवस्था की गई है। इस बार हमलापुर माचना नदी पर प्रतिमा विसर्जन नहीं किया जा सकेगा। प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर साफ-सफाई, प्रकाश, कुंड सहित अन्य व्यवस्थाएं की जा रही है।

- सतीश मटसेनिया
सीएमओ, नगरपालिका बैतूल

▶▶ प्रतिमाओं के विसर्जन स्थल जाने वाले मार्गो पर फिक्स पाइंट बनाये गये है, जहां कर्मचारियों को तैनात किया जायेगा। इसके अलावा पेट्रोलिंग मोबाइल भी रहेगा। दिन और रात दोनों समय बल तैनात रहेगा।

**- गजेन्द्र केन,**
यातायात प्रभारी, बैतूल

### ज्ञापन सौंप पार्षदों ने की जांच की मांग

## नप अध्यक्ष मनीष सोलंकी पर तानाशाह-भ्रष्टाचार का आरोप



**भैंसदेही**। नगर परिषद अध्यक्ष मनीष सोलंकी के तानाशाह, भ्रष्ट्राचार पुर्ण रवैया से लोग परेशान है। इसे लेकर एसडीएम अजीत मरावी को ज्ञापन भी सौंपा है, जिसमें पार्षद सुज्जू सिंह ठाकुर, आशुतोष राठौर और निर्मला महाले ने बताया कि भैंसदेही नगर परिषद अध्यक्ष मनीष सोलंकी द्वारा तानाशाह पूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है। अध्यक्ष द्वारा स्वयं और अपने चहेतो को लाभ पहुंचाने का कार्य कर परिषद में भ्रष्ट्राचार किया जा रहा है। पार्षदों का आरोप है कि नगर परिषद सीएमओ रीना राठौर द्वारा 248 लीटर डीजल/पेट्रोल एवं इंजीनियर के नाम पर 110 लीटर डीजल/पेट्रोल की खपत मात्र जुलाई माह में दिखाई गई है जो कि नियम विरूद्ध है। एसए ट्रेडर्स एण्ड सप्लायर्स भोपाल के नाम पर 471965 रू. की नोट शीट बनाई गई, जबकि ऐसी कोई भी सामग्री का भैतिक सत्यापन इंजीनियर द्वारा नही किया गया। इसका मतलब यह फर्जी बिल लगाया गया है। पार्षदों ने आरोप लगाया कि दैनिक वेतन भोगिया के नाम पर अध्यक्ष द्वारा अपने घर के नौकर एवं मित्रो को वेतन दिया जा रहा हैं। नगर परिषद अध्यक्ष द्वारा नगर में शुद्ध पेयजल 1 रूपये में एक लीटर जब से प्रारम्भ किया गया। जिसका पूरा खर्च नगर परिषद उठा रहा है, उसकी आवक की राशि किस खाते में जा रही। पार्षदों का आरोप है कि नगर परिषद अध्यक्ष द्वारा नवीन स्कुल के बाजु में शासकीय जमीन पर कब्जा कर रखा है, जिसका पट्टा निरस्त किया जाये। नगर परिषद अध्यक्ष द्वारा स्वयं अपने स्वयं के कार्यकाल में प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रथम किस्त प्राप्त की है, जो नियम विरूद्ध है। पार्षदों ने एसडीएम से इन मुद्दों की जांच कर उचित कार्रवाही किये जाने की मांग की है।

#### तीन पार्षदों ने सौंपा है पत्र

नगर परिषद भैंसदेही के तीन पार्षदों ने आकर आज मुझे लिखित शिकायत पत्र सौंपा है। जिसमें 6 बिंदुओं पर उन्होंने नगर परिषद में हो रहे भ्रष्टाचार एवं अवैध राजस्व भुमि के पट्टो सहित अन्य बिन्दुओ लिखित शिकायतें की गई है। जिसे मैं टीम बनाकर निष्पक्ष जांच कर उच्च अधिकारियों को प्रतिवेदन प्रेषित करूंगा।

**- अजीत मरावी**, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, भैंसदेही

#### बारिश में ताल-तलैया बन जाता है आंगनवाड़ी केन्द्र



**भैंसदेही**। विकासखंड अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बानुर में आंगनवाड़ी केन्द्र जर्जर हालत में पहुंच गई है। यहां बारिश का पानी आंगनवाड़ी केन्द्र के अंदर थमा हुआ है। जिसके कारण बच्चों और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सोशल मिडिया पर आंगनवाड़ी भवन के विडीयो, फोटो वाइरल हो रहे है ग्रामीणो ने बताया कि आंगनवाड़ी केन्द्र की बदहाल स्थिति को लेकर कई बार अधिकारियों को अवगत भी कराया गया, लेकिन अभी तक केन्द्र का सुधार नहीं हुआ। हालत यह है कि बारिश के दिनों में आंगनवाड़ी केन्द्र ताल-तलैया बन जाती है। जिससे उस दिन आंगनवाड़ी लगाने में काफी कठिनाईओं का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणो, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका ने प्रशासन से आंगनवाड़ी केन्द्र की मरम्मत कराये जाने की मांग की है। इस संबध मे प्रभारी महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी सुनिता शैलु से जानकारी लेनी चाहिए तो उनका मोबाइल बंद आ रहा था।

## नगर परिषद ने शुरू किया आवारा पशुओं को पकड़ने का अभियान



**शाहपुर**। नगर परिषद ने आवारा मवेशियों को पकडऩे का अभियान शुरू किया है। कर्मचारियों द्वारा वार्डो में सडक़ पर बैठे और विचरण करने वाले आवारा मवेशियों को पकड़ा जा रहा है। इस संबंध में नगर परिषद अध्यक्ष रोहित विक्की नायक ने बताया कि आवारा पशुओं को पकडऩे के अभियान के पूर्व पूरे नगर में मुनादी करा दी गई थी। फिर भी पशुपालकों के द्वारा पशु को बांधकर नहीं रखा जा रहा था। आवारा मवेशियों की वजह से आए दिन बाजार और सडक़ों पर लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे थे। जिसे दृष्टिगत रखते हुए नगर परिषद द्वारा आवारा मवेशियों को पकडऩे का अभियान शुरू किया है। जिसके तहत लगभग 35 से 40 मवेशियों को पकडक़र नगर परिषद शाहपुर के कर्मचारियों के ग्राम पंचायत कुंडी की गौशाला बांका में रखा जा रहा है। यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। उन्होने पशु मालिकों से अपील की है कि वह अपने पशुओं को खुला ना छोड़े।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का जन्मदिन सेवा दिवस के रूप में मनाया



**सारनी**। भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के जन्म दिवस को भारतीय जनता पार्टी मण्डल सारणी में नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष गोलू राजपूत के नेतृत्व में सेवा दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ पीजे शर्मा, नपा के अध्यक्ष किशोर बरदे, नगरपालिका उपाध्यक्ष जगदीश पवार, भाजपा जिला सह संगठन मंत्री विधायक प्रतिनिधि सुधा चंद्रा, पूर्व मंडल अध्यक्ष नागेन्द्र निगम के आतिथ्य में वृद्ध आश्रम में निवासरत वृद्ध जनों को भोजन करवाया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पधारे नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय नेतृत्व ने पहली बार बैतूल जिले से हम सभी के लोकप्रिय लाडले नेता हेमंत खंडेलवाल को प्रदेश नेतृत्व का दायित्व दिया है, और आज हमारे लोकप्रिय नेता हेमंत खंडेलवाल का जन्म दिवस मण्डल सारणी में हम सभी कार्यकर्ता एक साथ मिलकर सेवा दिवस के रूप में मना रहे हैं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भीम बहादुर थापा, शिबू सिंह, योगेश बर्डे, विन्नी राय निलेश राजवंशी नारायण खातरकर सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अतिवर्षा और बीमारी से फसलें हो गईं खराब

### किसानों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर की मुआवजे की मांग



**भैंसदेही**। बोरगांव (डेम) में अतिवर्षा से सोयाबीन एवं मक्के की फसल पर बीमारी लग गई है। जिसके कारण फसले खराब हो चुकी है। इन फसलों का सर्वे कर मुआवजा दिये जाने की मांग किसानों ने की है। इस संबंध में किसानों ने भैंसदेही एसडीएम अजीत मरावी को एक ज्ञापन भी सौंपा है, जिसमें बताया कि बोरगॉव प0ह0न0- 57 रा.नि.मं. झल्लार तहसील भैंसदेही के अंतर्गत आती है।

जहां किसानों ने अपनी कृषि भूमि में सोयाबीन एवं मुक्का फसल लगाई थी, लेकिन अतिवर्षा होने के कारण सोयाबीन की फसल एवं मक्के की फसल खराब हो गई है। किसानों ने सोयाबीन एवं मक्के की फसल पर बीमारी हटाने के लिये कई प्रकार की दवाईयों का उपयोग भी किया, किन्तु वह बीमारी नही गई और सोयाबीन की फसल एवं मक्के की फसल वह पुरी तरह से नष्ट हो रही है। सोयाबीन की फसल में जो फल्लिया लगी थी, वह नीचे गिर रही है। मक्के की फसल पर बीमारी होने के कारण वह भी खराब हो रही है। किसानों ने एसडीएम से मांग की है कि मौजा बोरगांव प0ह0न0 57 में पटवारी से जल्द से जल्द जांच कराकर किसानों को मुआवजा प्रदान किया जाये। इस अवसर पर ग्राम पटेल दशरथ घोडक़ी, लालुराम जी नावंगे, लीलाधर घोडक़ी, दशरथ पंडाग्रे, पंजाबराव धोटे, महादेव सराटकर, जगन्नाथ डोंगरे, रघुनाथ डोंगरे, वामनराव बोडख़े, भुरा जी माथनकर, यादोराव नावंगे, धीरज नावंगे, शिवलाल मौसिक, हेमराज, गंगाराम, पंजु धोटे, गणपति धोटे, जयदेव धोटे, विश्वनाथ नावंगे सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।



## आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत 101 ग्रामों के प्रतिभागियों को किया प्रशिक्षित

**बैतूल**। जनजातीय कार्य विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि आदि कर्मयोगी अभियान के अन्तर्गत बैतूल जिले में जनपद स्तरीय ब्लाक प्रोसेस लैब का आयोजन 1 सितंबर से 16 सितंबर तक सभी 10 जनपद पंचायतों के चयनित 554 ग्रामों में प्रारम्भ है। इसमें ब्लाक स्तरीय मास्टर टेनर्स द्वारा चयनित प्रत्येक गांव से ग्राम केडर के प्रतिभागियों को 2 दिवसीय प्रशिक्षण में प्रशिक्षित किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत 3 और 4 सितंबर को दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित कर जिले के चयनित 554 ग्रामों में से 101 ग्राम के प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया है, जो चयनित ग्रामों में जाकर अभियान के संबंध में ग्राम वासियों को जानकारी प्रदान करेगे तथा 04 बैठकों के माध्यम से सामुदायिक भागीदारी द्वारा गांव का सामाजिक एवं संसाधन मानचित्रण, ट्रांजेक्ट वॉक, गांव का विजन प्लान का निर्माण कर ग्राम सभा में अनुमोदन करवाएगे। इसके बाद चयनित प्रत्येक गांव में सेवा केन्द्र की स्थापना की जाएगी। यह प्रशिक्षण ब्लाक स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स की 44 टीमों द्वारा 16 सितंबर तक अलग-अलग ग्रामों के केडर को प्रदान किया जाएगा। कलेक्टर द्वारा सभी जनपद पंचायत स्तर पर स्वयं उपस्थित होकर आदि कर्मयोगी अभियान की समीक्षा की जाएगी।

### ऑटो सहित आबकारी ने दो आरोपियों के खिलाफ की कार्रवाई

# 38 हजार की देशी-विदेशी और 82 हजार रुपए की महुआ शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिले में अवैध शराब बिक्री के कारोबार पर आबकारी अधिकारी का शिकंजा कस गया है। कलेक्टर नरेंद्र कुमार सुर्यवंशी के निर्देशानुसार एवं जिला आबकारी अधिकारी अंशुमान सिंह चढार के मार्गदर्शन में आबकारी अमले ने शाहपुर और बैतूल वृत्त में बडे पैमाने पर देशी विदेशी और महुआ शराब का जखीरा पकड परिवहन में उपयोग किये जाने वाला ऑटो जब्त किया है। श्री चढार से मिली जानकारी के मुताबिक दोनो कार्यवाही 3 सितंबर को की गई हैं। पहली कार्यवाही आबकारी वृत्त शाहपुर के ग्राम गेडीढाना में की गई यहां आरोपी अखिलेश धुर्वे पिता रामसिंग धुर्वे उम्र 35 वर्ष के मकान से तलाशी लेने पर 8 कार्टून में देशी एवं विदेशी मदिरा की पेटिया पाई गई, जिसकी कुल मात्रा 70.62 बल्क लीटर एवं



अनुमानित मूल्य करीब 38 हजार होना पाया गया। पूछताछ में जानकारी मिली है कि आरोपी द्वारा अन्य जगहों पर अवैध रूप से सप्लाई दी जा रही थी। आरोपी पर म.प्र. आबकारी अधिनियम 1915 संशोधित 2000 की धारा 34(1) एवं 34(2) के तहत अपराध प्रकरण दर्ज किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय बैतूल के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा मे जेल भेजा गया। उक्त कार्यवाही वृत्त प्रभारी शाहपुर आबकारी उपनिरीक्षक दिलीप कुमार भादे, पंकज लोखंडे, आबकारी आरक्षक भगवंत बारस्कर, मुकेश खले द्वारा की गई है। दूसरी कार्यवाही के अंतर्गत आबकारी वृत्त बैतूल में सोनघाटी शिव मंदिर के पास ऑटो क्रमांक एमपी- 28- आर/1350 के चालक आरिफ पिता अब्दुल सफी के ऑटो की तलाशी ली गई। ऑटो में 4 बोरियो में 1 -1 लीटर की 80 बोतलों में कुल 80 लीटर अवैध महुआ शराब भरी हुई पाई गई। जिसका अनुमानित मूल्य करीब 83 हजार रुपए आंका गया है। ऑटो को जब्त कर आरोपी आरिफ को गिरफ्तार कर अपराध क्रमांक 214/25 धारा 34(2) म.प्र. आबकारी अधिनियम 1915 के तहत दर्ज कर विवेचना में लिया गया।




## श्री विनायकम स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया शिक्षक दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

विगत 23 वर्षों से संचालित जिले के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान श्री विनायकम स्कूल में शिक्षक दिवस बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने सभी शिक्षकों को सम्मानित करते हुए अभिनंदन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन के साथ हुआ। इसी के साथ विद्यार्थियों द्वारा डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छायाचित्र पर पूजन कर दीप प्रज्ज्वलित किया गया। ग्रेड 12 के विद्यार्थियों ने शिक्षकों का अभिनंदन कर गुरुजनों के प्रति अपने सम्मान की भावना प्रकट की। ग्रेड नर्सरी से ग्रेड 12 के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ साथ सीसीए एवं ऑफिशियल स्टाफ को तिलक लगाकर पुष्पगुच्छ के साथ एक उपहार भेंट किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर संजय राठौर ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन और शिक्षण के आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए शिक्षकों को विद्यार्थियों का मार्गदर्शक और प्रेरणास्त्रोत बताया। अपने प्रभावी उद्बोधन में उन्होंने सभी विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति जागृत रहने के लिए प्रेरित किया। ग्रेड 12 के विद्यार्थियों ने शिक्षकों को स्मृति चिन्ह और शुभकामनाएं भेंट कर सम्मानित किया। शिक्षक दिवस का यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक और शिक्षकों के लिए अविस्मरणीय बन गया।

भजन व डंडा प्रतियोगिता सहित अखाड़ा प्रदर्शन रहे महोत्सव के आकर्षण

# सोहागपुर में मनाया गया 127वां डोल ग्यारस महोत्सव, हुई प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर में इस वर्ष 127 वें डोलग्यारस पर्व में परंपरा अनुसार आयोजन किये गए। आयोजन समिति अध्यक्ष चौधरी राजेंद्र सिंह ने बताया कि बुधवार रात रानी लक्ष्मीबाई मंच पर शुरू हुई भजन प्रतियोगिता गुरुवार को दिनभर जारी रही। यद्यपि आयोजन में बारिश से बाधा हुई, लेकिन क्षेत्रवासियों के परंपरा पालन के उत्साह ने आयोजन जारी रखा। समिति की ओर से अध्यक्ष चौधरी राजेंद्र सिंह सहित महेश साहू, विजय अग्रवाल, मंगल सिंह रघुवंशी ने आयोजन में सम्मिलित होने आए क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों सहित अतिथियों का अभिनंदन किया। वहीं गजेंद्र चौधरी, राकेश चौधरी, चुन्नीलाल मुद्गल, प्रांजल तिवारी, कार्तिक शर्मा, नीरज चौधरी, नवीन चौधरी, आकाश चौरसिया आदि ने बैज लगाकर अतिथि स्वागत किया। इसके बाद क्षेत्रीय भजन गायक हरिकिशन विश्वकर्मा द्वारा बुधवार रात्रि नौ बजे से रानी लक्ष्मीबाई मंच पर भजनों की प्रस्तुति दी गई। रात 12 बजे के बाद इनामी भजन प्रतियोगिता शुरू हुई, जो गुरुवार दोपहर भी जारी थी। हर्षकुमार पालीवाल व पुरुषोत्तम पालीवाल ने बताया कि बिहारी चौक पर डंडा प्रतियोगिता बुधवार रात शुरु की गई।






### अखाड़े का प्रदर्शन

नगर के श्रीराम चौक पर अखाड़ा प्रदर्शन में क्षेत्रीय अखाड़ों के कुशल पहलवानों ने हैरतअंगेज प्रदर्शन किया। लगभग दो घंटे तक मुख्य बाजार क्षेत्र में अखाड़ा प्रदर्शन किया गया। जिसे देखने बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे। प्रशासनिक अधिकारियों ने सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था की जिम्मेदारी संभाली।

राकेश चौधरी एवं नवीन चौधरी ने बताया कि भजन प्रतियोगिता में बालकृष्ण मंडल ठीकरी, दुर्गा मंडल पट्टन, शारदा मंडल सोनपुर, रामकृष्ण मंडल ऊमरखेड़ी, मां वैष्णो मंडल सिंगोड़ी, श्याम मंडल मोकलवाड़ा, श्रीराम मंडल सिटिया गोहना, शिव ज्योति सरगम मंडल भोपावाड़ी एवं महिलाओं का मंडल श्री बालिका मंडल श्रीढाना चूरना सम्मिलित हुए हैं।



# 41वें वर्ष में विपिन जोशी स्मारक समिति का शिक्षक सम्मान समारोह आज

## अनंत गंगोला को सर्वोच्च सरस्वती पुत्र सम्मान सहित कुल 40 शिक्षकों का होगा सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी







साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में देश प्रदेश की ख्यातिप्राप्त वरिष्ठ पत्रकार और समाजसेवी प्रमोद पगारे द्वारा वर्ष 1985 में स्थापित एवं प्रवर्तित संस्था विपिन जोशी स्मारक समिति का 41वें वर्ष में शिक्षक सम्मान समारोह शाम आयोजित होगा। होशंगाबाद रोड स्थित दी पार्क क्लब एंड रिसॉर्ट में शाम 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक आयोजन होगा।

इस वर्ष आयोजन के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध अभिनेता राजीव वर्मा रहेंगे। वहीं अति विशिष्ट अतिथि के रूप में मनीष राजौरिया, मुख्य वक्ता डॉ अनंत गंगोला एवं विशिष्ट अतिथि प्रतिभा विजय दुबे (काकू भाई), पूर्व सुधार न्यास अध्यक्ष अरविंद मालवीय, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शिवाकांत पांडेय रहेंगे।

ज्ञात हो कि समिति का सर्वश्रेष्ठ सरस्वती पुत्र सम्मान इस वर्ष अनंत गंगोला अहमदाबाद को प्रदान किया जाएगा। श्री गंगोला समाजशिक्षा और आदिवासी जनों के सशक्तिकरण के लिए प्रतीक के रूप में पहचाने जाते हैं। वही आयोजन के मुख्य अतिथि राजीव वर्मा प्रख्यात सिनेमा कलाकार हैं जिन्होंने मैने प्यार किया, दीदार, हम साथ साथ है, ये रास्ते है प्यार के जैसी सुपरहिट फिल्मों में अभिनय किया है। कार्यक्रम के अति विशिष्ट अतिथि मनीष राजौरिया, चेयरमैन, कैरियर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन भोपाल, शिक्षा और समाजसेवा के क्षेत्र में अग्रणी और सशक्त नाम है। अपने प्रेरणादायी नेतृत्व से उन्होंने हजारों विद्यार्थियों के भविष्य को दिशा दी है। विपिन जोशी स्मारक समिति के अध्यक्ष रमेश के साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि आयोजन को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। समिति सदस्य कार्यक्रम को ऐतिहासिक सफल बनाने के लिए प्रयासरत है।

इस वर्ष के आयोजन का सबसे खास पहलू चयनित शिक्षकों का पद प्रक्षालन और सामूहिक महाआरती है, जो गुरुओं के प्रति सम्मान की एक अनूठी परंपरा को दर्शाता है। यह आध्यात्मिक और भावनात्मक पल शिक्षकों के सम्मान में एक अद्भुत रोमांच और गौरव का अनुभव देगा।

समिति के अध्यक्ष रमेश के. साहू (एडवोकेट)सचिव विनीत चौकसे, कोषाध्यक्ष नीलेश जैन सहित वरिष्ठ सदस्यों ने सम्मानित होने वाले शिक्षकों की सूची पूर्व में जारी कर दी थी। इस सूची में देश के विभिन्न हिस्सों और शिक्षण संस्थानों से जुड़े शिक्षकों के नाम शामिल हैं, जिनमें प्राथमिक शिक्षकों से लेकर प्रोफेसर और प्राचार्य तक शामिल हैं। सरस्वती पुत्र सम्मान के साथ ही आयोजन में ज्ञानगंगा सम्मान, विवेक सागर सम्मान, कर्मा रत्न सम्मान, अर्जुन सम्मान, सांदीपनी सम्मान, विश्वामित्र सम्मान सहित अन्य श्रेणियों के तहत कुल 40 शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा।

कार्यक्रम में सरस्वती वंदना की प्रस्तुति स्वर मालिका म्यूजिक क्लास, इटारसी के शिष्यों द्वारा दी जाएगी और पंडित सरवन नगाइच के सानिध्य में स्वस्ति वाचन किया जाएगा। समिति ने शहर के सभी नागरिकों से इस भव्य समारोह में बड़ी संख्या में उपस्थित होकर शिक्षकों का उत्साहवर्धन करने और कार्यक्रम को सफल बनाने का अनुरोध किया है।

# नदी किनारे बालक कृष्ण को जल विहार कराने पहुंची माता



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

गुरुवार सुबह सोहागपुर में डोल ग्यारस पर्व समापन पर जल विहार आयोजन पलकमती नदी किनारे किया गया। इस दौरान मंदिरों के डोलों को नदी किनारे लाया गया। डोल में बालक कृष्ण को बैठालकर लाईं माता यशोदा ने जलविहार किया। नदी की धार में डोलों को ले जाकर भगवान कृष्ण की आरती कर जलविहार कराया गया। इसके उपरांत भक्तों में प्रसाद वितरित किया गया। मौके पर उपस्थित नपाध्यक्ष लता यशवंत पटेल, उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी तथा पार्षदगणों ने डोलों तथा पुजारियों का स्वागत किया। सभी ने श्री कृष्ण के दर्शन किए। सदियों से यह परंपरा सोहागपुर में जलविहार दिवस के रूप में मनाई जा रही है। जिसके दर्शन के लिए प्रतिवर्ष सैकड़ो श्रद्धालु पहुंचते हैं।

# नगर आगमन पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष का किया जोरदार स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

कार्यकर्ता सम्मेलन और सम्मान समारोह में पधारे जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत पांडे गुड्डन भइया का नगर आगमन पर सर्वप्रथम बाबा मैरिज गार्डन में पार्षद प्रतिनिधि युवा नेता रत्नेश बडगूजर के नेतृत्व में ढोल बाजे बजाए एवं पटाखे फोड़ कर फूल माला से स्वागत किया गया नवनियुक्त जिला अध्यक्ष के आगमन पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र मुराड़िया ब्लॉक सेवादल अध्यक्ष सुबोध दुबे ब्लॉक कांग्रेस मंडल अध्यक्ष वरिष्ठ कांग्रेस नेता शैलेंद्र जोशी उपाध्यक्ष अरुण तिवारी हकीम खान रामनारायण चचौड़िया प्रदीप शर्मा रामकिशन यादव राम निवास यादव गौरी शंकर यादव शेर बेग लीलाधर यादव माना गांव सरपंच नरेंद्र मालवीय राजकुमार गुप्ता ब्रज भारती बडगूजर अरविंद सोलंकी गिरीश वर्मा उत्कर्ष आचार्य ऋतुराज पटेल गजेंद्र पटेल अखिलेश दीवान राजेश चौहान मुकेश चौहान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र से आए कार्यकर्ताओं ने गुड्डन पांडे के पुनः जिला अध्यक्ष बनने पर हर्ष व्यक्त करते हुए उसे पुष्पहार से स्वागत किया। माखनलाल चतुर्वेदी प्रतिमा के पास पूर्व पार्षद राजेंद्र खंडेलवाल ने अपने साथियों



सहित पांडे का जोरदार स्वागत किया। बस स्टैंड पर पूर्व पार्षद द्वारका चौधरी ने अपने साथियों के साथ पुष्पहार से स्वागत किया उसके बाद जिला अध्यक्ष कार्यक्रम स्थल पहुंचे ब्लॉक एवं नगर अध्यक्ष ने जिला अध्यक्ष पांडे किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष बाबू चौधरी सहित मंचा सीन सभी अतिथियों का फूलमाला से स्वागत किया कार्यक्रम में पूर्व प्रदेश सचिव यशवंत सिंह राजपूत ने पहुंच कर गुड्डन पांडे को बधाई दी कार्यक्रम को पूर्व विधायक गिरजा शंकर शर्मा विधानसभा चुनाव में क्षेत्र मे कांग्रेस प्रत्याशी रहे लोकप्रिय नेता पुष्पराज पटेल जिला किसान कांग्रेस के पुनः नियुक्त अध्यक्ष बाबू चौधरी जिला पंचायत सदस्य हाकम सिंह गुर्जर ने संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया एवं कार्यकर्ताओं को एक जुट होकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया जिला अध्यक्ष का जीतू चौधरी के नेतृत्व में अहिरवार समाज ने पुष्पहार से स्वागत किया मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों रसूल खान लतीफ खान बाबू खान जाहिद खान ने जिला अध्यक्ष का स्वागत किया इस सम्मान समारोह कार्यक्रम में संजय गिल्ला सयोगिता पांडे सुनीता जैन विजय मीणा राकेश दुबे गिरीश वर्मा राजेंद्र मेहर कुलवंत खनूजा अमृत बिंदु डेरिया रमेश तिवारी देवेंद्र यादव सनील मोदी अंशुल डेरिया सुमित डेरिया एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए कार्यक्रम के आयोजन के लिए जो आमंत्रण कार्ड वितरण किए थे उसमें ब्लॉक एवं नगर का आयोजन बताया था लेकिन मंच से माइक द्वारा नगर कांग्रेस अध्यक्ष ने कार्यक्रम का सूत्रधार किसी अन्य नेता को बताया कार्यक्रम को कार्यकर्ता सम्मेलन का नाम दिया था लेकिन यह स्वागत सम्मान तक ही सीमित रहा कार्यकर्ता अपनी बात कह नहीं पाए वहीं कुछ कार्यकर्ता अध्यक्ष का स्वागत नहीं कर पाए तो गुड्डन पांडे ने कार्यकर्ताओं के बीच पहुंच कर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया सम्मान समारोह कार्यक्रम का संचालन मोहन सोनी ने किया

# पानी घटा तो नज़र आए स्टेट हाईवे में हुए बड़े-बड़े गड्ढे



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

शहर में स्टेट हाईवे पर सांदीपनि स्कूल के सामने जलभराव की समस्या है। दो दिन से हाईवे बरसाती पानी में डूबा था। जब हाईवे का पानी उतरा तो सड़क को हुई क्षति दिखाई देने लगी है। पानी जमा होने से सड़क में हुए बड़े-बड़े गड्ढे दुर्घटनाओं का कारण बन सकते हैं। नागरिकों ने सुधार की मांग प्रशासन से की है।

# शासकीय कन्या महाविद्यालय में पोषण आहार सप्ताह का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी मालवा मे राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत पोषण आहार सप्ताह का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर छात्राओं को संतुलित भोजन, पौष्टिक तत्वों और स्वस्थ जीवनशैली की जानकारी दी गई। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. उमेश कुमार धुर्वे के मार्गदर्शन में कर्यक्रम संपन्न हुआ। श्री राजनीश जाटव ने संतुलित भोजन को दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने पर बल दिया। श्री मनोज कुमार प्रजापति ने पौष्टिक आहार और मानसिक स्वास्थ्य के संबंध को रेखांकित किया। डॉ. पदम शर्मा ने छात्राओं से अपील की, कि वे अपने



परिवार और समाज में पोषण जागरूकता फैलाने की एकाई बनें। कार्यक्रम में एन.एस.एस. इकाई की सक्रिय भागीदारी रही। इस अवसर पर एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी कु. आकांक्षा पाण्डेय ने छात्राओं को स्वस्थ जीवनशैली और संतुलित आहार की आवश्यकता पर प्रेरक संबोधन दिया। उन्होंने कार्यक्रम में मंच संचालन किया तथा आभार व्यक्त किया । कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. टी टी एक्का, समस्त प्राध्यापक, स्टाफ एवं छात्रायें उपस्थित रहे।

## हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान

# विद्यार्थियों ने लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

माखन नगर गरुवार को शासकीय सांदीपनि विद्यालय माखन नगर में हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम संपन्न हुआ इसमें पधारे विशिष्ट अतिथि माखन नगर के पूर्व विकासखंड शिक्षा अधिकारी संजय शुक्ला ने विद्यार्थियों को नैतिक शिक्षा अनुशासन आपसी प्रेम सौहार्द करुणा और विद्यालय व समाज के प्रति उत्तरदायित्व संबंधी बातें अत्यंत सहज और सरल तरीके से समझाइए विद्यार्थियों और उपस्थित शिक्षकों ने राष्ट्र प्रेम कर्तव्य निष्ठा और समाज सेवा हेतु शपथ दिलाई श्री शुक्ला ने विद्यार्थियों को ट्रॉफी और उपहार भेंट की और संस्था में पर्यावरण का महत्व



बताते हुएआंवले का पौधा रोपित किया कि हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम पूरे देश में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के तत्वाधान में आयोजित किया जा रहा है इस संदर्भ में संस्था के प्राचार्य के के दुबे वरिष्ठ शिक्षिका सपना गौर माध्यमिक प्रधान पाठक उर्सला भल्लाल आदि मौजूद रहे।

# शिक्षक ने बच्चों के लिए भेंट किए लैब और कंम्प्यूटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जनपद पंचायत की ग्रामपंचायत खापरखेड़ा में शासकीय कन्या प्राथमिक शाला में विद्यार्थियों का जीवन ही एक सहायक शिक्षक अमितश्रीवास्तव ने बदल दिया है।

प्रधान पाठक दुर्गेश राय सहायक शिक्षक अमितश्रीवास्तव , भावना टोकें जानकी साहु पदस्थ हैं।यह कक्षा 1से 5तक से। यहां पर गरीबों के बच्चे पढ़ने आते हैं।लोग जिस बात को स्वीकार नहीं करते हैं।उसको कर दिखाया है एक शिक्षक ने अमित श्रीवास्तव ने कंम्प्यूटर रुम तैयार कराया है और कंप्यूटर लैब कीसुविधा में कंम्प्यूटर भी खुद ने ही बच्चों को भेंट किए हैं। स्कूल में बच्चों को सीखने के लिए तथा खुद ही सिखाते हैं।अब तो बच्चे को काफी हद तक आने भी लगा हे।अब तो बच्चे खुद ही कंम्प्यूटर चालू कर मानीटर आदि पर लिखना भी सीख गई है।

गेम तो खेलते हैं साथ ही फेसबुक आईडी भी बनाए गए हैं। तथा चलाते हैं शिक्षक की सराहना करते हुए थकते नहीं है। बच्चों ने बताया कि पहले डर लगता था तथा कभी सोचा भी नहीं था की हमें भी कंम्प्यूटर मिलेगा अल्प समय में ही सभी कुछ संभव किया गया है। तथा बच्चों को हमेशा स्वदेशी चीजोंकेउपयोग करने की प्रेरणा भी देते हैं। बच्चोंको सांपसवच्छ रहनेकी सलाह देते हैं।

### निशुल्क नेत्र शिविर को होगा आयोजन

**पिपरिया।** जनपद पंचायतकी ग्रामपंचायत बीजनवाडामे बनवारीरोड पर गुरु तेग बहादुर गुरुद्वारे मे 7 सितंबर 2025को निशुल्क नेत्र सिविर का आयोजन कियाजा रहा है। जिसमें सहायक नेत्रचिकित्सा क्यों सोडानी ने बताया कि भोपाल के मेडिकल कॉलेज के सहयोग से कार्यक्रम काआयजन किया को की को। दोपहर 11:30 से 2:00 तक शिविर आयोजन रहेगा। राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यअंतर्गत स्वयंसेवी संस्थाओं के दारा आयोजनकिया जा रहा है। इस कैंप में मरीजों के लिए सारी व्यवस्थाएं रहेगी जांच ऑपरेशन लेंस दवाइयां काला चश्मा भोजन एवं परिवहन की पूरी वयवस्था निशुल्क रहेगी अधिक से क्यों की होगा को अपील की।

## नगर पालिका कार्यालय में की गई सफाई

# समाजसेवियों ने चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

नगर पालिका कार्यालय के सामने स्थित सोनिया गांधी कॉम्प्लेक्स एवं सार्वजनिक मूत्रालय परिसर में गुरुवार को समाजसेवियों द्वारा भव्य स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में बड़ी संख्या में युवाओं, समाजसेवियों और नागरिकों ने हिस्सा लिया और साफ-सफाई के महत्व पर जोर दिया। अभियान के दौरान उपस्थित समाजसेवियों ने स्वयं झाड़ू लगाकर सफाई की और लोगों से अपील की कि नगर को स्वच्छ बनाए रखना केवल नगर पालिका की ही जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि यदि हर व्यक्ति यह संकल्प ले ले कि वह गंदगी नहीं फैलाएगा तो सिवनी मालवा को प्रदेश के सबसे स्वच्छ नगरों में गिना जा सकता है। समाजसेवियों ने कहा कि स्वच्छता केवल दिखावे के लिए नहीं बल्कि स्वस्थ जीवन



का आधार है। गंदगी से बीमारियाँ फैलती हैं और नगर की छवि खराब होती है। वहीं स्वच्छ वातावरण से नगरवासियों का स्वास्थ्य बेहतर रहता है और नगर की पहचान भी सकारात्मक रूप से होती है।

अभियान में विपिन मालवीया, विजय कुशवाहा, मोहित सराठे, विशाल सराठे, दिनेश राठोर, विकास श्रीवास, माखन राजपूत, श्याम रघुवंशी, अजय गौर, मनोज लौवंशी, पदम सिंह राजपूत सहित अनेक समाजसेवी शामिल हुए। सभी ने मिलकर सफाई की और नगरवासियों को जागरूक किया।

विपिन मालवीया का कहना है कि "नगर को स्वच्छ बनाए रखना हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। केवल सफाई कर्मचारी ही सफाई करें, यह सोच गलत है। यदि हर नागरिक आगे आए तो हमारा नगर न केवल स्वच्छ होगा बल्कि पूरे जिले में मिसाल बन सकता है।"

विजय कुशवाहा का कहना है कि "हमारे लिए यह अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि एक आंदोलन है।

## पांच साल से किसानों को फसल खराब होने पर नहीं मिली बीमा राशि

# पानी की टंकी पर चढ़े किसान, बीमा क्लेम के लिए बजाई थाली और घंटी

पिछले 11 दिन से अलग-अलग गांव में अलग-अलग दिन में अलग-अलग रंग में आंदोलन प्रदर्शन धरना किया जा रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

पांच वर्षों से खराब फसल की बीमा राशि का इंतजार कर रहे किसानों का सब्र अब जवाब दे चुका है। किसान बीते 11 दिनों से भोपाल, सीहोर और शाजापुर जिलों में अलग-अलग गांवों में अलग-अलग ढंग से आंदोलन कर रहे हैं। कहीं खेतों में धरना दिया गया, कहीं जल सत्याग्रह किया गया, तो कहीं पेड़ों पर चढ़कर घंटी बजाई गई। कलेक्टर से लेकर एसडीएम और तहसीलदार तक को कई बार ज्ञापन सौंपे जा चुके हैं, लेकिन किसानों की सुनवाई नहीं हो रही।

परेशान किसानो ने बुधवार को पानी की टंकी पर चढ़ हाथों में खराब फसल लिए थाली ब घंटी बजाकर आक्रोश जताया। 5 वर्ष से खराब फसल की बीमा राशि मांग को लेकर किसान व समाजसेवी एमएस मेवाड़ा के नेतृत्व में पिछले 11 दिनों से अलग-अलग गांव में अलग-अलग दिन में अलग-अलग रंग में आंदोलन प्रदर्शन धरना किया जा रहा है लेकिन सरकार के कानों तक आवाज नहीं पहुंची तो मजबूर किसानों ने पानी की टंकी पर चढ़कर हाथों में खराब सोयाबीन की फसल लेकर थाली बजाते हुए सरकार के कानों तक अपनी आवाज पहुंचने के लिए यह अनोखा आंदोलन किया। किसानों का कहना है कि हम विगत 11 दिन से भोपाल जिला सीहोर जिला शाजापुर जिला के किसान लोग जल सत्याग्रह कर रहे हैं कहीं पेड़ों पर घंटी बज रहे हैं कहीं खेतों में प्रदर्शन कर रहे है कलेक्टर से लेकर एसडीएम तहसीलदार को ज्ञापन भी दे चुके हैं हर दिन किसी न किसी गांव में हमारा धरना प्रदर्शन जारी है लेकिन किसानों की सुनने वाला कोई नहीं है। किसानों ने यह निर्णय लिया कि क्यों ना हम पानी की टंकी पर जमीन से जब हमारी आवाज सरकार कानों तक नहीं पहुंच पा रही तो हम आसमान पर पानी की टंकी पर चढ़कर सरकार के कानों तक अपनी आवाज पहुंचने के लिए घंटी बजाकर सरकार के कानों तक हमारी आवाज पहुंच रहे हैं।



### शिक्षक दिवस पर विशेष: कॉलेज के सीनियर ने युवाओं को निःशुल्क पढ़ाया

# ड्यूटी के बाद बचे टाइम में निःशुल्क ट्यूशन पढ़ाकर किया शिक्षा दान

लोमेश कुमार गौर ▶▶ हरदा

कृषि विभाग हरदा में सहायक संचालक के पद पर पदस्थ अखिलेश पटेल वैसे तो कृषि विभाग की नौकरी करते हैं, लेकिन देश के अलग अलग संस्थानों में कार्यरत 200 से ज्यादा युवा उन्हे शिक्षक और गुरु की उपमा से नवाजते हैं। जी हाँ यह सच है अखिलेश पटेल ने नौकरी का समय छोड़कर अन्य समय में करीब 500 युवाओं को निःशुल्क ट्यूशन पढ़ाया है। जिसमें से 300 से ज्यादा युवा शासकीय और अशासकीय क्षेत्रों में नौकरी कर रहे हैं। कोई शिक्षक है, तो कोई नायाब तहसीलदार, तो कोई कृषि विभाग में तो कोई राजस्व में है। अखिलेश पटेल का एक अजीब सा शौक है, खुद की पढ़ाई हो गई नौकरी भी लग गई लेकिन में युवाओं को मुफ्त में पढ़ाकर उनके भविष्य संवारने में लगे रहते हैं। अभी तक सैकड़ो युवाओं को पढ़ा चुके हैं। उनका मानना है कि जो युवा पढ़ना चाहते हैं और उन्हें साधन संसाधन का अभाव है ऐसे युवाओं को पढ़ाकर एक नई दिशा देने का काम कर रहे हैं।

सिवनी जिले में शिक्षा विभाग में पदस्थ आशीष पटले का कहना है कि एक भाई के रूप में अखिलेश पटेल ने उन्हें ट्यूशन पढ़ाया और शिक्षा विभाग में वर्ग में कृषि संकाय में उनका चयन 3 साल पहले हो गया। इसी प्रकार खंडवा जिले के पुनासा ब्लॉक में शिक्षा विभाग में कार्यरत अखिलेश चौधरी का भी



कहना है। जिन लोगों की जॉब लगी उन्होंने दूरभाष पर बताया कि बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी झांसी में अखिलेश पटेल से बतौर सीनियर मुलाकात हुई, लेकिन उन्होंने कभी भी किसी प्रकार से सीनियर जूनियर का भाव नहीं रखा। पढ़ाने की टेक्निक और भाव बेहतरीन होने के कारण रिजल्ट भी अच्छे आए और अधिकांश साथियों की नोकरी लगी। अखिलेश पटेल खुद बताते हैं कि सन 2007 से 2011 के बीच में 4 साल तक खुद की पढ़ाई के साथ युवाओं को फ्री में पढ़ाया। वर्ष 2014 में ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी की परीक्षा में चयन तत्पश्चात एम. पी. पी. एस. सी. की वर्ष 2016 की परीक्षा में सहायक संचालक कृषि के पद पर चयन हुआ। नौकरी के साथ-साथ यहां पर भी 200 -300 युवाओं को पढ़ाते रहे। हरदा में नौकरी के बाद सुबह 6:30 बजे से 8:00 बजे के बीच में युवाओं को पढ़ाने का काम उनका निरंतर जारी था, लेकिन कोविड के बाद निरंतर पढ़ाई का काम बंद हुआ।

#### इनका कहना

मेरी नौकरी का काम समय पर करता हूँ, नौकरी के दौरान किसी प्रकार से व्यवधान नहीं आना चाहिए। इसलिए सुबह 6 बजे से 9 बजे और शाम को जब वक्त मिलता है, सहयोग कर देता हूँ।

**अखिलेश पटेल,** सहायक संचालक कृषि

## खबर संक्षेप

### शिक्षक सम्मान समारोह आज

**हरदा।** सर्व ब्राह्मण समाज संगठन द्वारा स्व. मनोहरलाल शर्मा की स्मृति में शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में आज परशुराम शिक्षा रत्न शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित होगा। आयोजन प्रभारी राजेंद्र शर्मा ने बताया कि 5 सितंबर को दोपहर 3 बजे से मां रेवा गार्डन में अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में यह आयोजन होगा। संगठन के महामंत्री लोकेश शर्मा एवं उत्तम तेनगुरिया ने बताया कि आयोजन में मुख्य अतिथि पूर्व उपाध्यक्ष गौ संवर्धन बोर्ड मप्र शासन नारायण व्यास, उपाध्यक्ष सर्व ब्राह्मण समाज मप्र जितेंद्र ओझा, विशेष अतिथि पूर्व नपा अध्यक्ष खातेगांव निलेश जोशी, लेक्चरार शेफाली पुरोहित होंगे। संगठन के अध्यक्ष सुनील तिवारी ने बताया कि आयोजन के दौरान विप्र समाज के शासकीय एवं अशासकीय से स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों का सम्मान होगा। उन्होंने समाज के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं से कार्यक्रम में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**हरदा।** टिमरनी थाना क्षेत्र में बुधवार रात भुवनखेड़ी गांव के पास एक अज्ञात ट्रक ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान सुनील उइके (27) के रूप में हुई है। वो करताना गांव के एक शोरूम पर काम करता था। बुधवार रात करीब 8 बजे सुनील अपने एक साथी के साथ हरदा से शोरूम के लिए नई बाइक लेकर जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रहे एक ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल सुनील को एंबुलेंस से जिला अस्पताल ले जाया गया। लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। गुरुवार को जिला अस्पताल में मृतक के शव का पोस्टमार्टम किया गया। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मृतक के पिता जगदीश उइके ने बताया कि सुनील चार भाइयों में दूसरे नंबर का था। वह दो साल की एक बेटी का पिता था। अस्पताल चौकी के एएसआई श्रवण सिंह राजपूत मामले की जांच कर रहे हैं।

### एसडीईआरएफ के जवान को सांप ने डंसा

**हरदा।** बुधवार रात एक बजे एसडीईआरएफ के एक जवान को सांप ने काट लिया। जवान को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार, एसडीईआरएफ जवान आशीष यादव, पिता गोरेलाल यादव, बुधवार रात अजनाल नदी के पेड़ीघाट पर डोल ग्यारस की ड्यूटी पूरी कर रात करीब एक बजे घर लौटा था। दिनभर की ड्यूटी के बाद थकान के चलते वह जल्दी ही गहरी नींद में सो गया। नींद के दौरान आशीष को दाहिने पैर में हल्का दर्द महसूस हुआ। उन्हें शुरुआत में लगा कि शायद चूहे ने काटा है, इसलिए उन्होंने ने ज्यादा ध्यान नहीं दिया और फिर से सो गए। लेकिन सुबह जब नींद खुली, तो पैर में सांप के काटने के निशान दिखाई दिए। परिजनों ने तत्काल उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया। जिला अस्पताल के डॉक्टर मनीष शर्मा ने बताया कि आशीष को समय पर इलाज मिल गया, इसलिए अब उनकी हालत खतरे से बाहर है। प्रारंभिक जांच में ऐसा प्रतीत हो रहा है कि सांप ज्यादा जहरीला नहीं था।

### समन्वित प्रयासों से योजनाओं का जिले में प्रभावी क्रियान्वयन कराएं

# धरती आबा जनजाति उत्कर्ष अभियान के लाभ से कोई पात्र वंचित न हो: उईके



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

केंद्र सरकार द्वारा जनजातीय बहुल ग्रामों में अधोसंरचना विकास और केंद्र प्रवृत्त सभी योजनाओं में शत प्रतिशत सेचुरेशन के लिए धरती आबा योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है, जिसके लिए पूरे देश में 63 हजार जनजातीय बहुल ग्रामों के लिए 80 हजार करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है। हरदा जिले के 103 ग्रामों को भी योजना के तहत सम्मिलित किया गया हैं।

हरदा जिले में कोई भी पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित न रहे। समन्वित प्रयासों से जिले में योजना का सफल क्रियान्वयन कर आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करें। यह बात मंगलवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में केंद्रीय राज्यमंत्री जनजातीय मामले दुर्गादास उईके ने सभी प्रशासनिक अधिकारियों से कही। केंद्रीय मंत्री उईके ने बैठक में धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान की प्रगति की विभागवार विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी विभाग योजना के क्रियान्वयन में आदर्श प्रस्तुत करें। ताकि योजना से लाभान्वित व्यक्ति से प्रेरित होकर अन्य व्यक्ति भी लाभान्वित भी हो सकें। उन्होंने कहा कि धरती आबा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आदि कर्मयोगी अभियान प्रारंभ किया जाएगा। जिसके क्रियान्वयन में जनसहभागिता सुनिश्चित करने के लिए आदि कर्मयोगी, आदि सहयोगी और आदि साथियों का भी गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत सभी जनजातीय बाहुल्य ग्रामों में अधोसंरचना विकास के कार्य और अंतिम पंक्ति पर खड़े प्रत्येक व्यक्ति को सूचीबद्ध कर लिया जाए। यह कार्य पूरे मनोयोग से किया जाएं। बैठक केंद्रीय मंत्री श्री उईके ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास अंतर्गत जनपदवार प्रस्तावित विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि स्वीकृत कार्यों को प्रारंभ करने में कोई समस्या आ रही है तो उसे संज्ञान में लाकर उसका त्वरित समाधान कराएं। विकास कार्यों को पूरा करने में अनावश्यक देरी न हो। अप्रारंभ कार्यों को शीघ्र प्रारंभ कराएं और प्रगतिरत कार्यों को शीघ्र पूर्ण किया जाएं।

#### क्षतिग्रस्त आंगनबाड़ी भवनों की भी मरम्मत सुनिश्चित कराए

केंद्रीय मंत्री उईके ने बैठक में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, जनजातीय कार्य, लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, मत्स्य, पर्यटन, शिक्षा, प्रधानमंत्री ग्राम सडक, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी इत्यादि विभागों के प्रस्तावित कार्यों की प्रगति की जानकारी लीं। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास को ऐसे ग्राम जहां आंगनबाड़ी भवन के लिए जमीन नहीं हैं। वहां शीघ्र जमीन आवंटन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई ग्राम ऐसा न हो जहां आंगनवाड़ी न हो। उन्होंने कहा कि सभी क्षतिग्रस्त आंगनवाड़ी भवनों की भी मरम्मत सुनिश्चित कराएं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी हरदा को निर्देशित किया कि जनजातीय ग्रामों में कोई भी पात्र आयुष्मान योजना के लाभ से वंचित न रहे। सभी पात्रों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाएं। उन्होंने इन ग्रामों में जनजातीय वर्ग के साथ सभी वर्गों की सिकलसेल एनीमिया की जांच किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने मत्स्य और पशुपालन विभाग को निर्देश दिए दिए कि मत्स्यपालन और बकरी पालन से ज्यादा से ज्यादा हितग्राहियों को लाभान्वित कराएं। मत्स्य पालन और बकरी पालन का आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करें ताकि अन्य हितग्राही भी इस दिशा में प्रेरित हो सकें। निर्माण संबंधी विभागों को विकास कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा, पूर्व विधायक टिमरनी संजय शाह, कलेक्टर सिद्धार्थ जैन, पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे, अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रवीण इवने सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

#### खेल महोत्सव से ज्यादा युवा जुड़े

केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उईके ने कहा कि खेलों के माध्यम से युवाओं की ऊर्जा को सही दिशा देने के प्रयास किये जाएं। खेलों से जुड़ने से वे कुसंगति से बचेंगे एवं अपनी व्यवस्थित दिनचर्या व स्वस्थ भविष्य तय कर सकेंगे। उन्होने कहा कि सांसद खेल महोत्सव से ज्यादा से ज्यादा युवाओं को जोड़ा जाए। इस महोत्सव को सफल बनाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। केन्द्रीय मंत्री कलेक्ट्रेट में सांसद खेल महोत्सव के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि जिले के खिलाड़ी इन खेलों के माध्यम से बेहतर प्रदर्शन करें एवं ग्राम स्तर से प्रतिभाएं खेलों के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचें। इस दौरान उन्होने सांसद खेल महोत्सव के आयोजन की कार्ययोजना की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर श्री जैन एवं पुलिस अधीक्षक श्री चौकसे ने बताया कि जिले में इस आयोजन को पूरी भव्यता एवं गरीमा के साथ सम्पन्न कराया जाएगा। इस दौरान कलेक्टर ने खेल मैदानों के दुरूस्तीकरण के निर्देश भी अधिकारियों को दिये। बैठक में जिला खेल अधिकारी उमा पटेल ने सांसद खेल महोत्सव के आयोजन की बिन्दूवार रूप रेखा प्रस्तुत की।

### डोल ग्यारस मनाई

# श्रद्धालुओं ने विमान पर जगह-जगह पुष्प वर्षा की



**रहटगांव।** प्रति वर्ष अनुसार डोल ग्यारस पर निकले विमान जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई। तहसील में डोल ग्यारस पर्व बुधवार को बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। नगर के अलग-अलग मंदिरों से सजे धजे चार विमान बैंड बाजे के साथ निकल गए। विमान की पूजा मार्ग में अलग-अलग वार्डों में श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर की। कई जगह गणेश उत्सव समितियां द्वारा शोभायात्रा में चल रहे श्रद्धालुओं के लिए जलपान की व्यवस्था भी की गई। जगह-जगह प्रसादी भी बांटी गई। आलकी की पालकी जय कन्हैया लाल की जयकारे भी लगाए गए नगर के नगर वासी जनप्रतिनिधि द्वारा भी विमान की पूजा अर्चना की इस दौरान सैकड़ो की संख्या में नगर वासी मौजूद रहे।

#### कन्या भोजन का आयोजन हुआ



रहटगांव। युवा जागृति मित्र मंडल रहटगांव द्वारा जेपी परिसर में भगवान गणेश की आकर्षक प्रतिमा विराजित की है। प्रत्येक वर्ष समिति द्वारा विशाल कन्या भोजन का आयोजन किया है। गुरुवार को समिति द्वारा कन्या भोजन का आयोजन किया। जिसमें सभी स्कूलों की शासकीय निजी स्कूल छात्राओं सहित ग्राम की कन्याओं ने भोजन प्रसादी ली। युवा जागृति मित्र मंडल समिति के अध्यक्ष विजय गौर, अमित गौर, शंभू सोनी, बबलू मीणा ,संजय गौर ,विकास गौर, नितिन गौर, संजय गौर आशीष ऊपरीन ने बताया कि भगवान गणेश की प्रतिमा विगत 20 वर्षों विराजित की जा रही है। भगवान गणेश की सेवा की जा रही है प्रत्येक दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाता है। भगवान गणेश का विशेष भोग लगाया जाता है महाप्रसादी प्रत्येक दिन भगवान गणेश की आरती पूजन के बाद भक्तों को दी जाती है। समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष उपहार योजना भी चलाई जाती है। दूर-दूर से भगवान गणेश के दर्शन करने के लिए भक्त भगवान गणेश के पंडाल में आते हैं और आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।

# कार्यक्रम को लेकर रूपरेखा बनाई गई

### जिला कांग्रेस की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिला कांग्रेस कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक होटल में जिले की सह प्रभारी रचना जैन की उपस्थित में आयोजित की गई। बैठक में सभी ब्लाक, मंडलम, सेक्टर के अध्यक्षगण उपस्थित थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी दिन में वोट चोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम के संबंध में चर्चा की गई। बैठक के बाद सभी कांग्रेसजनों ने हरदा जिले में जल कर वृद्धि एवं बिजली के भारी भरकम बिल आ रहे है। उसके विरोध में ए.डी.एम. सतीश राय को ज्ञापन दिया। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन विश्नोई, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के राष्ट्रीय समन्वयक हेमंत टाले, किसान कांग्रेस प्रदेश महामंत्री रविशंकर शर्मा, आदित्य गार्गव, हरदा ब्लाक अध्यक्ष गोविंद व्यास, सोनतलाई ब्लाक अध्यक्ष सुरेन्द्र बिश्नोई, रहटगांव ब्लाक अध्यक्ष रामदीन पटेल, खिरकिया ब्लाक अध्यक्ष शंकर सोलंकी, सेवादल जिला अध्यक्ष शहीद खान, महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रमिला ठाकुर, रैना पालीवाल, श्यामलाल बाबल, कैलाश चतुर्वेदी, बद्री पटेल, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### 24 घंटों में जिले में 21.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**हरदा।** जिले में गत चौबीस घंटों में 21.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 34.3 मि.मी., टिमरनी में 28.2 मि.मी., खिरकिया में 3 मि.मी., सिराली में 20 मि.मी. तथा रहटगांव में 22.3 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 994.5 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 876.3 मि.मी., टिमरनी में 1153.5 मि.मी., खिरकिया में 1005.7 मि.मी., सिराली में 1016.5 तथा रहटगांव में 920.9 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई।

### रहटगांव व टिमरनी में जनसुरक्षा शिविर संपन्न

# जनसुरक्षा योजना की जानकारी प्रदान की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव

तहसील रहटगांव एवं टिमरनी में गुरूवार को जनसुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आरबीआई भोपाल के महाप्रबंधक हेमंत सोनी, उप महाप्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक भोपाल राजेन्द्र सिंह, क्षेत्रीय प्रबंधक सुदीप मुसरे, एसबीआई बैतूल एस.एस. मीना, मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक होशंगाबाद, डीजीएम सौरभ शिकरवार बैंक ऑफ इण्डिया खण्डवा अग्रणी जिला प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक जिला हरदा मनोज पवार एवं सभी शाखाओं के शाखा प्रबंधक इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुये। कार्यक्रम में भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही जनसुरक्षा योजना की




जानकारी प्रदान की गई। इस कार्यक्रम में सरस्वती ज्ञान मंदिर हायर सेकण्ड्री स्कूल हरदा की छात्राओं द्वारा कार्यक्रम में भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही जनसुरक्षा योजना का नाट्य प्रदर्शन किया गया ताकि आम जनता तक इस योजनाओं की जानकारी पहुंच सकें एवं इस योजना का लाभ प्रत्येक व्यक्ति ले सकें। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही जनसुरक्षा योजना का प्रत्येक व्यक्ति को लाभ दिलाना है।

### डोल ग्यारस पर भजन स्पर्धा का आयोजन

# नगर भ्रमण पर निकले भगवान, मंडी क्षेत्र में निकले विमान, श्रद्धालुओं ने की पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

बुधवार को शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प वृद्धा आश्रम में ढोल ग्यारस के उपलक्ष्य में भव्य महा आरती, 56 भोग प्रसादी और भजन स्पर्धा का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में श्रद्धा भक्ति सेवा समिति के संरक्षक राहुल सिंह, संस्कार मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी, धर्मेन्द्र माहेश्वरी आदि मुख्य रूप से शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत महा आरती से हुई, जिसमें भक्तों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके बाद उन्हें 56 भोग प्रसादी का वितरण किया गया। भजन स्पर्धा में केन्द्र की ओर से पंडित सुनील पाराशर, सुशील त्रिवेदी, शिवराज वर्मा आदि शामिल थे। जिन्होंने भगवान खाटू श्याम सहित अन्य के भजनों का गायन किया। भजन स्पर्धा के दौरान भक्ति और श्रद्धा का माहौल छाया रहा और सभी उपस्थित लोगों ने भजन गाकर भगवान गणेश की पूजा की। संस्कार मंच के मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि इस तिथि पर भगवान कृष्ण के बाल स्वरूप बाल-गोपाल को एक डोल में विराजित कर शोभा यात्रा निकाली जाती है। इसलिए इसे डोल ग्यारस कहा जाता है। कृष्ण जन्म के अठारहवें दिन माता यशोदा ने उनका जलवा पूजन किया था। इसी दिन को डोल ग्यारस के रूप में मनाया जाता है। जलवा पूजन के बाद ही संस्कारों की शुरुआत होती है। इस दिन भगवान श्रीकृष्ण को डोल में बिठाकर तरह-तरह की झांकी के साथ बड़े ही हर्षोल्लास के साथ जुलूस निकाले।

#### श्रद्धालुओं ने की पूजा

डोल ग्यारस पर्व शहर में धार्मिक उत्साह और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर विभिन्न मंदिरों से भगवान के विमान निकाले गए, जिनमें भगवान की झांकियों को सजाकर नगर भ्रमण कराया गया। मंडी क्षेत्र में बड़ा मंदिर, छोटे मंदिर और एमसीबी रोड स्थित लोधी मोहल्ला मंदिर के विमान एकत्र हुए।

### एक ट्रैक्टर व चोरी की हुई ट्राली, 5.5 लाख रुपए का सामान जब्त

# ट्राली चोरी केआरोपी को नर्मदापुरम के पिपरिया से किया गया गिरफ्तार

**भैरुंदा।** 1 सितंबर को फरियादी इमरान खान पिता फजल उद्दीन उम्र 34 साल निवासी रायसाहब कालेज के सामनें भोपाल रोड राला ने रिपोर्ट किया कि वह ट्रॉली बनाने का काम करता है। दिनांक 26, 27.08.25 की रात को कोई अज्ञात आरोपी उसके घर के साईड में खडी ट्राली को कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है जिसकी रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक – 480/2025 धारा 303(2) बीएनएस का पंजीबद्द कर अनुसंधान मे लिया गया।

सीहोर पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के द्वारा घटना की सूचना उपरांत त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनिता रावत व एसडीओपी रोशन जैन के मार्गदर्शन प्राप्त कर थाना प्रभारी भैरूँदा द्वारा अपराध क्रमांक 480/25 धारा – 303(2) बीएनएस के अज्ञात आरोपी तलाश हेतु टीम गठित की गयी। आरोपीगण की तलाश हेतु मुखबिर तत्रं को सक्रिय किया गया व तकनीकी सहायता प्राप्त की जिसके परिणाम स्वरुप आरोपी विक्रम पिता श्रीराम बारेला उम्र 24 साल निवासी गुराडी थाना इछावर को दिनाँक 2.9.25 को खापरखेड़ा पिपरिया से गिरफ्तार किया गया एवं आरोपी के कब्जे से चोरी की गई ट्रॉली कीमत 1.5 लाख और चोरी करने में प्रयोग किए टेक्ट्रर कीमत 4 लाख कुल करीबन 5.5 लाख रुपये का मशरूका जप्त किया गया। आरोपी विक्रम बारेला को न्यायालय पेश किया गया जहां से उसे जेल गया।

